Re: Alleged irregularities in construction of National Highway No. 731 in Shahjahanpur Parliamentary Constituency ? laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 731 के खंड शाहजहांपुर बाईपास से खुटार बाईपास का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन कार्यदायी संस्थाएं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 के उपखंड में कथित रूप से अत्यधिक घटिया सामग्री का प्रयोग कर रही है । जिसकी वजह से कार्य की गुणवत्ता अत्यधिक निम्न स्तर की हो गई है। घटिया निर्माण कार्य के कारण से सरकारी धन का न केवल काफी दुरुपयोग हो रहा है बल्कि सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय जनपद में शाहजहांपुर बाईपास से खुटार बाईपास तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 731 पर किए जा रहे कार्य की मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित करके विस्तृत जांच करवाकर इसमें संलिप्त तथाकथित अधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए।